: राज्य : 1 केंद्रशासित प्रदेश : 19 संस्करण उत्तर प्रदेश : उत्तराखंड : हिमाचल : जम्मू-कश्मीर : दिल्ली : हरियाणा : पंजाब : चंडीगढ़

अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 2 अप्रैल 2018

PAGE NO 7: MIDDLE

एसईई : डेढ़ लाख भी नहीं पहुंचे आवेदक
फीस जमा करने की अंतिम तिथि भी बीती

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ।

प्रदेश के इंजीनियरिंग व मैनेज्मेंट कॉलेजों में दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों की संख्या गत वर्ष से काफी कम हो गई है। आवेदन के बाद फीस जमा करने की अंतिम तिथि रविवार को समाप्त हो गई। देर शाम तक आवेदन के बाद फीस जमा करने वालों की संख्या डेढ़ लाख भी नहीं पहुंची। हालांकि अभी सीटों की स्थिति स्पष्ट नहीं है। फिर भी गत वर्ष से तुलना करें तो कुल सीटों के सापेक्ष उतने ही आवेदन आए हैं।

अप्रैल-मई में प्रस्तावित राज्य प्रवेश परीक्षा (एसईई) के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने जनवरी के अंत में आवेदन प्रक्रिया शुरू की थी। साथ ही एसईई में अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए काफी कवायद भी की, लेकिन इसका असर आवेदन प्रक्रिया पर नहीं पड़ा। विवि ने पहले 15 मार्च और फिर 30 मार्च की शाम तक आवेदन लिए और फीस जमा की। कुल 1,72,000 अभ्यर्थियों ने कराया रजिस्ट्रेशन था। बाद में रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों के शुल्क जमा करने की तिथि दो दिन और बढ़ाई गई, जो रविवार शाम को बीत गई।

प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल व 5-6 मई को प्रस्तावित

प्रवेश समन्वयक प्रो. एके कटियार ने बताया कि कुल 1,49,987 अभ्यर्थियों ने शुल्क जमा किया है। अब तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी। आवेदकों के आधार पर परीक्षा केंद्रों का जल्द निर्धारण कर प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल व 5-6 मई को प्रस्तावित है। बता दें, गत वर्ष 1 लाख 69 हजार 170 अभ्यर्थियों ने शुल्क जमा किया था। जबकि परीक्षा में लगभग डेढ़ लाख अभ्यर्थी ही बैठे थे। इंजीनियरिंग की तरफ लगातार विद्यार्थियों का रुझान कम हो रहा है।